बीमार बुजुर्ग की मदद

कोटा, (निसं)। रेलवे स्टेशन कोटा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर बीते सोमवार को एक बहुत अशक्त बीमार बुजुर्ग व्यक्ति के होने की सूचना कोटा स्टेशन निदेशक एन.के. मीना को मिली।

स्टेशन डायरेक्टर ने तत्काल प्रभाव से अशक्त बीमार बुजुर्ग व्यक्ति को अपना घर एनजीओ प्रभारी रेखा कुमारी को सूचना दी। रेखा कुमारी ने अपना घर आश्रय से टीम अशोक शर्मा एवं संदीप गोचर को स्टेशन अशक्त बीमार व्यक्ति की सहायता के लिए भेजा। स्टेशन डायरेक्टर एन.के.मीना के नेतृत्व में सीटीआई एल.के.मीणा, स्टेशन अधीक्षक वाणिज्य एम.के. राठौर, सफाईकर्मी जतिन, समीर और सुनील के माध्यम से अशक्त बीमार बुजुर्ग व्यक्ति को एंबुलेंस तक पहुँचाया गया।

बुजुर्ग को एनजीओ तत्काल रेस्क्यू कर अपने साथ ले गए जहां बाद में उसकी देखभाल की जा रही है पहले और बाद वाले फोटो एनजीओ द्वारा शेयर किए गए। बुजुर्ग का नाम सलीम है जो कि बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। यह एक मानवतावादी मिशन की बहुत अच्छी पहल है। डीआरएम ने इस मानवतावादी पुनीत कार्य के लिए स्टेशन निदेशक एवं एनजीओ कार्यकर्ता का आभार व्यक्त किया।

हत्या के दो दोषियों को उम्र कैद की सुनाई सजा

■ युवक की हत्या के छह साल पुराने मामले में अपर सेशन न्यायालय क्रम-5 ने सुनवाई करते हुए पकड़े गये दो आरोपियों को हत्या का दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

कोटा, (निसं)। युवक की हत्या के छह साल पुराने मामले में अपर सेशन न्यायालय क्रम-5 ने सुनवाई करते हुए पकड़े गये दो आरोपियों को हत्या का दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। अपर सेशन न्यायालय क्रम-5 के न्यायाधीश ने हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए पकड़े गये आरोपी निखिल उर्फ निक्की एवं सागर को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई साथ ही 20-20 हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

अपर लोक अभियोजक संजीव विजय ने बताया कि फरियादी किरण ने 21 जनवरी 2019 को नयापुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि 20 जनवरी की रात्रि की बात हैं वह घर पर थी उसको जोर से एक आवाज आई जिस पर उसका भाई गोलू और मां दौड़कर गये तो देखा कि उसके भाई रोहित के साथ निखिल उर्फ निक्की, सागर और अन्य मारपीट कर रहे थे और उसके भाई रोहित के पेट में चाकू से हमला कर दिया और हमला कर मौके से भाग गये। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर 307 सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया। वही चाकू के हमले में घायल रोहित की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 302 धारा में मामला दर्ज कर मामले में अनुसंधान करते हुए निखिल उर्फ निक्की और सागर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। मामले में सुनवाई करते हुए दोनों आरोपी निखिल उर्फ निक्की और सागर को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामले में 16 गवाहो के बयान दर्ज हुए।

हत्या के मामले में महिलाओं सहित पांच को आजीवन कारावास : खेत की मेड़ तोड़ने के विवाद में कुल्हाड़ी से हमला कर युवक की हत्या के करीब ढाई साल पुराने मामले में एडीजे क्रम-3 न्यायालय ने मामले में सुनवाई करते हुए गिरफ्तार एक ही परिवार की तीन महिलाओं सहित पांच जनों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अपर सेशन न्यायालय क्रम-3 के न्यायाधीश ने हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए पकड़ी गई तीन महिलाओं सहित दो पुरूषों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही प्रत्येक को 28 हजार 500 के जुर्माने से दंडित किया।

अपर लोक अभियोजक अजय नन्दवाना ने बताया कि फरियादी मोहनलाल ने 23 मई 2022 को कोटा ग्रामीण के ईटावा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने रिपोर्ट में बताया था कि उसके भाई का लड़का नरेन्द्र (28) खेत की ओर जा रहा था, उसी समय गांव का रामबिलास उसका भाई देवेन्द्र, रामबिलास की पत्नी रामधाणी, देवेन्द्र की पत्नी लीलाबाई, रामबिलास की पुत्री सोनू व अन्य ने उसके भाई के लड़के नरेन्द्र पर धारदार हथियार व उसकी गर्दन पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

फरियादी ने कहा कि नरेन्द्र को गंभीर घायलावस्था में ईटावा के चिकित्सालय से कोटा रैफर कर उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर महिलाओं सहित पांच जनो के खिलाफ 307, 302 धारा सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर अनुसंधान करते हुए रामबिलास, देवेन्द्र, रामधाणी, लीलाबाई और सोनू को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने सभी आरोपियों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

बैंक ने बनाया कीर्तिमान

बूंदी। दी बूंदी अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के वित्तीय वर्ष 2024- 25 की समीक्षा की एवं बैंक अध्यक्ष सत्येश शर्मा ने बैंक के वित्तीय वर्ष 2024- 25 के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि बैंक ने 3 करोड़ 1 लाख का सकल लाभ अर्जित किया है जिसमें 66 लाख आयकर 10 लाख का एनपीए एवं 5 लाख का स्टैंडर्ड असेट्स का प्रोविजन करने के पश्चात 2 करोड़ 19 लाख शुद्ध लाभ हुआ है बैंक के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक शुद्ध लाभ हुआ है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है वर्ष 2024 -25 में बैंक की शेयर राशि 11.34 लाख डिपॉजिट 766.96 ऋण 179.36 वर्किंग कैपिटल 1091.58 तथा बैंक सदस्यता में 47 व्यक्ति की वृद्धि हुई है बैंक द्वारा प्राप्त की गई आर्थिक वृद्धि दर अभूतपूर्व एवं उत्साहवर्धक है बैंक अध्यक्ष सत्येश शर्मा व मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र सिंह हाडा द्वारा वर्ष की समीक्षा के दौरान इसका से संचालक मंडल के सभी सहयोगी संचालक गण बैंक के सदस्यों व ग्राहकों तथा बैंक के निष्ठावान कर्मचारियों की टीम को देते हुए धन्यवाद दिया वर्तमान संचालक मंडल के कार्यकाल के दौरान बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024 -25 के प्रत्येक मद में आशा से अधिक प्रगति दर्ज की है वर्तमान में बैंक की कार्यशील पूंजी 124.53 करोड़ है।

सार-समाचार

आवेदन की तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ाई

कोटा, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विशेष समूह योजना (पूर्व में विषेष पिछड़ा वर्ग), अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय, मिरासी एवं भिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं के आवेदन की तिथि बढ़ाकर 30 अप्रैल की गई है। संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के छात्रवृति के लिए जिले की समस्त शिक्षण संस्थाएं 21 अप्रेल तक नवीन पंजीयन, पूर्व में पंजीकृत की मान्यता एवं पाठ्यक्रमवार फीस स्ट्रक्चर अद्यतन कर सकेंगी। छात्रवृति आवेदन करने की अन्तिम तिथि पूर्व में 31 मार्च थी, जिसे बढ़ाकर 30 अप्रेल कर दिया गया है। अब विद्यार्थी 30 अप्रैल तक एस.एस.ओ.पोर्टल पर स्कॉलरशिप एसजेई ऐप अथवा मोबाईल ऐप एसजेईडी एप्लीकेशन के माध्यम से ऑनलाईन छात्रवृति आवेदन कर सकते हैं।

ऋतु का अवॉर्ड योजना में चयन

छबड़ा । विद्या भारती द्वारा संचालित जिले के मदनलाल भवानीशंकर गुप्त बालिका आदर्श विद्या मंदिर छबड़ा की बहिन ऋतु मालव का भारत सरकार की इंस्पायर्ड अवॉर्ड योजना में जिला स्तर प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ है। विज्ञान प्रमुख शिवचरण गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि इंस्पायर अवॉर्ड, भारत सरकार के विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग की एक योजना है। इसका उद्देश्य देश के छात्र छात्राओं को विज्ञान व प्रौद्योगिकी की ओर प्रोत्साहित करना और उनमें वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना एवं उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है। जिसके तहत चयनित छात्र को वैज्ञानिक अविष्कारों और मॉडल के लिए प्रोत्साहन राशि व पुरस्कार दिया जाता है। प्रचार प्रसार प्रमुख प्रमोद शर्मा ने बताया कि इसके बाद ऋतु जिले की प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति व प्रधानाचार्या मनोरमा शर्मा ने बहिन ऋतु को बधाई दी और आगामी प्रतियोगिता हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी।

जाँच शिविर आयोजित

कोटा, (निसं)। मंडल में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.सुपर्णा सेन रॉय के निर्देशन में मंडल रेलवे चिकित्सालय कोटा के सभाकक्ष में डायबेटिक आई जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के द्वारा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुप्रकाश की उपस्थिति में किया गया। शिविर के अन्तर्गत नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.दिप्ति शुक्ला द्वारा 44 कर्मचारियों एवं लाभार्थियों की आखों की जाँच कर उचित चिकित्सीय उपचार एवं सलाह प्रदान की गई। मंडल रेल प्रबंधक ने शिविर की प्रशंसा करते हुए लगातार इस प्रकार के आयोजन करने हेतु प्रेरित किया।

करीना वर्मा का सम्मान

बूंदी। राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता 30 मार्च को जयपुर में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया सिटी लीग 2025 में रजत पदक विजेता रही बूंदी की बिटिया किरण वर्मा का जिला बैडमिंटन की ओर से अध्यक्ष अजय नुवाल एडवोकेट ने मुंह मीठा करा कर माल्यार्पण कर स्थानीय खेल संकुल में अभिनंदन किया । स्वागत सचिव मुकेश दाधीच ने बताया कि इस अवसर पर बूंदी के नवोदित राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के युवा धावक एवं जूडो खिलाड़ी कृष्णा सुमन, रागिनी ,विशाल ललित, विक्रम, विकास ,अनिल, कौशल भड़ाना मौजूद रहे। नुवाल ने करीना को युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया।

जनसुनवाई आज

बूंदी। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आमजन की समस्याओं की सुनवाई एवं उनके निस्तारण के लिए गुरुवार 3 अप्रैल को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

एसडीपी डोनेट की

कोटा, (निसं)। एसडीपी के क्षेत्र में नवयुवक निरंतर लोगों की मदद को आगे आ रहे हैं, देर रात भी एक गंभीर अवस्था में घायल युवक के लिए कोटा के व्यवसायी ने एसडीपी डोनेट कर प्रेरणास्प्रद कार्य किया है, टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि रामगंजमंडी निवासी दीपक की हालत गंभीर थी, उसे एबी पॉजिटिव एसडीपी की आवश्यकता थी, देर रात को कई लोगों को कॉल किया लेकिन दुर्लभ ग्रुप होने से काफी परेशानी आई। हमेशा रात को तैयार रहने वाले आशु गुप्ता को कॉल किया तो वह सो गए थे बार-बार फोन करने पर उनके पिता ने उन्हें उठाया और स्थिति की गंभीरता बताई, वह सीधे ही अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने एबी पॉजिटिव एसडीपी डोनेट की। यह कार्य देख परिजन राहुल और कमलेश आश्चर्यचकित रह गए और उन्होंने भी संकल्प लिया कि वह भी अब इस क्षेत्र में निरंतर लोगों की मदद करेंगे।

स्वच्छता के झूठे आंकड़े पेश करना बंद करें अधिकारी

■ मंत्री मदन दिलावर ने ली पंचायतीराज के जनप्रतिनिधियों ली क्लास

कोटा, (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने आज यहां स्वच्छ भारत मिशन, अन्नपूर्णा रसोई तथा घुमंतू एवं अर्ध-घुमंत जाति के आवास विहीन व्यक्तियों को पट्टा आवंटन अभियान को लेकर आयोजित पंचायतीराज विभाग की समीक्षा बैठक का शुभारंभ किया।

कोटा के बालाजी नगर स्थित यूआईटी सभागार में आयोजित बैठक का पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। प्रथम सत्र में कोटा संभाग के बारां और कोटा जिले के पंचायतीराज के समस्त अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। जबकि दूसरे सत्र में झालावाड़ और बूंदी के अधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत स्वच्छता अभियान के आंकड़ों पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि जो आंकड़े पेश किए गए वह झूठे हैं। धरातल पर यह आंकड़े ठीक नहीं, जो अधिकारी झूठे आंकड़े तैयार कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है। मुझे झूठे आंकड़े पेश करना बिल्कुल भी पसंद नहीं। मंत्री दिलावर ने कहा कि मैं अब तक प्रदेश की 50 ग्राम पंचायत का आकस्मिक निरीक्षण कर चुका हूं। दो या तीन पंचायत को छोड़ दें तो किसी भी पंचायत में राज्य सरकार के स्वच्छता अभियान को लेकर आदेशों की अक्षर से पालन नहीं हो रही है। केवल घालमेल किया जा रहा हैं। कुछ के खिलाफ मैंने कार्यवाही की हैं। आगे भी सख्त कार्यवाही करूंगा। मंत्री दिलावर ने सवाल किया कि छोटी से छोटी पंचायत में 80000 रुपए से लेकर 40 लाख रुपए तक सालाना सफाई के लिए दिए जा रहे हैं। फिर यह पैसा जाता कहां है। सफाई क्यों नहीं होती।

जिसने भी सफाई मद के पैसे से निर्माण कार्य किया है उसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए पैसे वसूल किए जाएंगे। जिस अधिकारी ने निर्माण कार्य स्वीकृत किया होगा उससे भी वसूल किया जाएगा। बहाने बनाते हैं सफाई तो की थी साहब परंतु दिख नहीं रही, सफाई हुई नहीं तो फिर दिखेगी कैसे। मैं गांव में जाता हूं पूछता हूं तो लोग कहते हैं कि पंचायत झाड़ू भी निकलवती है, यह तो हम पहली बार सुन रहे हैं। अभी तक तो हम ही पैसे देकर झाड़ू निकलवा रहे हैं। गांव में लोग गंदगी के कारण बीमार होकर मर रहे हैं और हम पैसा निर्माण कार्य पर खर्च कर रहे है। ऐसा करके हम पाप के भागीदार बन रहे हैं। परंतु अब कोई भी नहीं बचेगा। मंत्री ने कहा कि अब भी आप काम करवाना शुरू कर दो, तो पुराने पाप धुल जाएंगे। अगर अब भी नहीं सुधरे तो पूरे 5 साल का पैसा जांच कर वसूल लूंगा। मंत्री ने सलाह दी की एक बार अभियान चलाकर पूरी पंचायत को साफ कर लो उसके बाद नियमित सफाई शुरू करों। गांव में रोज झाड़ू निकालना चाहिए कीचड़ और कचरा नहीं होना चाहिए रोज गाड़ी घर-घर कचरा लेने आनी चाहिए। टेंडर में भी गाड़ी से कचरा संग्रहण करने का पैसा शामिल है फिर गाड़ी क्यों नहीं लगा रहे हैं। जो ठेकेदार टेंडर शर्तों के मुताबिक गाड़ी नहीं लगा रहा है उसका पैसा काटो। यदि सप्ताह में 3 दिन ही सफाई कर रहा है तो उसका शेष दिन का पैसा भी भुगतान मत करो। मुझे 1 साल के अंदर-अंदर पूरा राजस्थान प्रदेश देश में नंबर वन स्वच्छ चाहिए और इस काम में आप सब का सहयोग जरूरी है।

ऊर्जा मंत्री से मेरी हॉट टॉक हुई- शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने यूआईटी ऑडिटोरियम में कोटा संभाग के उपस्थित तमाम पंचायती राज विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को गत दिनों सुल्तानपुर में तीन पंचायत के किए गए आकस्मिक निरीक्षण की घटना की चर्चा करते हुए बताया कि जब मैने सुल्तानपुर की तीन पंचायत का निरीक्षण किया और वहां मुझे गंदगी मिली तो मैं जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाही की। अगले दिन वो सब सांगोद के विधायक ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के पास पहुंच गए।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से मुलाकात

बूंदी। राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ भामसं के प्रदेश अध्यक्ष मेघवाहन सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मदन माननीय शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से उनके कोटा स्थित निजी निवास पर मिला।बूंदी जिले में होने वाले 26 27 अप्रैल को राष्ट्रीय अधिवेशन में आने का निमंत्रण दिया तथा कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की।

महासंघ भामसं के जिला अध्यक्ष विकास दीक्षित ने बताया कि माननीय शिक्षा मंत्री जी से शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारियों तथा प्राचार्य के पदोन्नित के पश्चात नई पदस्थापन तथा तृतीय श्रेणी से द्वितीय श्रेणी में पदोन्नित संबंधी कई मांगों पर चर्चा की। जिस पर शिक्षा मंत्री जी द्वारा जल्द ही सभी समस्याओं का निराकरण करने का सकारात्मक आश्वासन दिया तथा राष्ट्रीय अधिवेशन में आने की स्वीकृति प्रदान की।

181 किलोग्राम डोडा चूरा किया बरामद

कोटा, (निसं)। केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरों टीम द्वारा राजस्थान में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर रोक लगाने के लिये लगातार किये जा रहे है।

उन्ही प्रयासों के तहत केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन.) ने बड़ी कार्यवाही करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा कर उसको रोका और कुल 9 बैग वजनी 181.460 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया एंव एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। यह कार्यवाही उप-नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुन्देल के निर्देशन में की गई। उप-नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बदावली-पालचा राजमार्ग के माध्यम से बिना पंजीकरण वाले ट्रैक्टर ट्रॉली का उपयोग करके अवैध डोडा चूरा की तस्करी करेगा। उक्त सूचना पर सीबीएन, चित्तौड़गढ़ प्रकोष्ठ के अधिकारियों की एक टीम गठित कर मौके पर रवाना की गई। उप-नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि सतर्क टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी और उक्त वाहन की पहचान के बाद सीबीएन अधिकारियों ने वाहन को सफलतापूर्वक रोका और कार्यवाही करते हुए कुल 181.460 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया। कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद, बरामद डोडा चूरा और वाहन को जब्त कर लिया गया और एन.डी.पी.एस. अधिनियम, के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मामले में आगे की जांच की जा रही है। उप-नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन) अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ इसी तरह की कठोर कार्यवाही जारी रखेगा ताकि राज्य में नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाया जा सकें।

मकान में मिला युवक का शव

कोटा, (निसं)। कुन्हाड़ी थाना इलाके के थर्मल कॉलोनी में स्थित खंडर मकान में बुधवार को एक युवक का शव मिला। मृतक के शव के आस-पास मौके पर इंजेक्शन की सिंरिज भी मिली है।

सूचना पाकर कुन्हाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर ही एफएसएल टीम को बुलाया गया। कुन्हाड़ी थानाधिकारी अरविन्द भारद्वाज ने बताया कि मामले में सामने आया कि मृतक महावीर और उसका छोटा भाई नितिन दोनों ही स्मैक का नशा करते है। दोनों भाईयों ने मंगलवार रात्रि को खंडर मकान में इंजेक्शन के जरिये स्मैक ली और बड़ा भाई महावीर ओवरडोज होने से वहीं रूक गया जहां उसकी मौत हो गई और छोटा भाई नितिन घर चला गया। थानाधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया से स्मैक की ओवरडोज लेने के कारण ही मौत होना सामने आ रहा है। मृतक के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

अपने मजबूत और कमजोर पक्ष की जानकारी हो तो आसान हो जाती है सफलता

कोटा, (निसं)। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने कहा कि हमेशा हारता वही है जो खुद को नहीं पहचानता। सफलता के लिए अपने मजबूत और कमजोर पक्ष की जानकारी जरूरी है।

वे बुधवार को मोशन के द्रोणा-2 कैम्पस सभागार में मेगा ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2025-26 में शामिल हुए विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित कर रहे थे। नितिन विजय ने कहा कि विद्यार्थी में सफलता के लिए जुनून नहीं है तो कोचिंग संस्थान कुछ नहीं कर सकता। हम बच्चे की सफलता के लिए पूरे प्रयास करते हैं। अभिभावकों को भी सजग रहने की जरुरत है। विद्यार्थी सभी कक्षाओं में उपस्थित रहकर पढ़ते रहें, अभ्यास करते रहें, टेस्ट देते रहें, उनमे मिली कमजोरियों को दूर करते रहें तो उनको अपना ड्रीम कॉलेज मिलकर ही रहता है। जेईई डिवीजन के ऑरिएंटेशन में ज्वाइंट डाइरेक्टर रामरतन द्विवेदी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में बहुत अधिक नंबर लाने वाले बच्चों को जब कोचिंग के टेस्ट में नंबर काम आते हैं तो वे घबरा जाते हैं, पैरेंट्स भी विचलित हो जाते हैं। नंबर कम आए तो घबराना नहीं, ज्यादा बेहतर प्रयास करना चाहिए। कंटेंट हेड जयंत चित्तौड़ा ने बताया कि बताया कि मोशन लर्निंग एप और एआई बेस्ड होमवर्क मशीन का उपयोग किस तरह करना है। नीट डिवीजन के ऑरिएंटेशन में ज्वाइंट डायरेक्टर अमित वर्मा ने कहा कि हमारा मिशन है कि मोशन में आने वाला हर बच्चा डिजायर रैंक लाकर अपने ड्रीम मेडिकल कॉलेज तक पहुंचे। यहां विद्यार्थियों के रिजल्ट, परफॉर्मेंस और बेटर फीलिंग के लिए बेस्ट टीम काम कर रही है।

शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन

बून्दी। विद्यालयों में वितरित किए जा रहे खेल किट में आवश्यकता व छात्रों की रूचि के अनुसार नहीं होने सहित गुणवत्ता विहीन होने को लेकर शारीरिक शिक्षक हितेष खींची ने शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन भेज कर जांच करवाने की मांग की।

खींची ने कहा कि सरकार के द्वारा खेल सामग्री का बजट देने के बजाए इस बार मुख्यालय स्तर से सीधा खेल सामान पहुंचाए जा रहे है, जो गुणवत्तायुक्त व जरूरत के हिसाब से नही है, जिसमें खिलाड़ी भी मायूस हो गये हैं। क्योंकि न तो स्कूलों को जरूरत के अनुसार खेल सामग्री दी गई और न ही सामग्री खेलने लायक है।

इससे पहले राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की और से हर साल उपलब्ध कराई जाने वाली राशि से स्कूलों में जरूरत के अनुसार खेल सामग्री खरीदी जाती थी उसमे गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाता था। इससे राजस्थान में खेलों का रुझान हुआ तथा इन खेल सामग्री में खेलो को दरकिनार किया गया।

पश्चिम मध्य रेल

कैटलॉग नं.: PARKING-2025, अनुबंध का प्रकार: पार्किंग, ई-नीलामी की तिथि एवं समय: 11.04.2025 at 12.00 hrs, कैटलॉग की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं ।

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अब्दुल अजीम पुत्र स्वर्गीय श्री अब्दुल अलीम उम्र 53 वर्ष पता आजाद स्माल इण्डस्ट्रीज मोहन टाकिज रोड कोटा आज दिनांक 02.04.2025 से अपने पुत्र अमान अजीम व पुत्रवधु शेरीन नाज व पौते अजलान को इनके गलत आचरण के कारण अपनी चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है।

आज दिनांक के बाद से मेरे पुत्र व पुत्रवधु व पौते से किसी भी प्रकार का कोई भी व्यक्ति लेनदेन व व्यापारिक कार्य करता है तो उसकी जिम्मेदारी स्वयं की होगी। सूचित हो।

भवदीय
ज्ञान प्रकाश यादव एडवोकेट
मो.नं.9414278182

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम-4 कोटा

बैंक ऑफ बड़ौदा
विरुद्ध
मैसर्स श्रीनाथ बैंगल्स
बाबत प्राप्त करने मूल राशि व ब्याज
वाद सं. : 193 सन् 2022

बनाम - मैसर्स श्रीनाथ बैंगल्स जरिये प्रोपराइटर नवीन लक्षकार, स्थान- 2/24, गणेश तालाब, बसंत विहार, कोटा। द्वितीय पता- 52 तेलियों के मंदिर के पास, सांगोद, जिला कोटा

ने आपके विरुद्ध ..... के लिए संस्थित किया जाता है। आपका इस न्यायालय में तारीख 09 माह 04 सन् 2025 को दिन में 10:00 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) के लिए समय दिया जाता है । आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें । जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें । आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा । यह आज तारीख 27 माह 01 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

आज्ञानुसार
रीडर ग्रेड प्रथम
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम-4 कोटा (राज.)

मुद्रा

अब दिन-रात शुरू होगा कार्य

बूंदी। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को शहर में संचालित सीवरेज, जैतसागर नाला निर्माण, खेल संकुल के मल्टी परपज हॉल, नवल सागर झील पर पर्यटन विकास आदि कार्यो की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित समयावधि में कार्यों को पूरा करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पेचवर्क में गुणवत्ता नहीं, भुगतान रोकने के निर्देश

जिला कलक्टर ने चित्तौड़ रोड़ चौराहे और सिलोर रोड़ क्षेत्र में सीवरेज कार्य के बाद किए जा रहे सड़कों के पेच वर्क में गुणवत्ता नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सड़क के पेच वर्क में खानापूर्ति नहीं की जाए और निर्धारित मापदण्डों के अनुसार गुणवत्ता के साथ कार्य करवाया जाए। उन्होंने नगर परिषद के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिए कि सड़क रिपेयर के कार्य की गुणवत्ता में सुधार करते हुए सड़क को दुरुस्त किया जाए। साथ ही कार्य करवाने वाले संवेदक का भुगतान रोकने की कार्यवाही की जाए। इस दौरान नगर परिषद के अधिशासी अभियंता धर्मेन्द्र मीणा ने बताया कि शहर में अमृत 2.0 परियोजना का 95 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि शहर में सीवरेज कार्यों के तहत 1550 में से 1170 कनेक्शन करवाए जा चुके है। मेन होल के 1050 में से 1025 का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा सीवर लाइन बिछाने 23.20 किलोमीटर में से अब तक 22.8 किलोमीटर तक बिछाई जा चुकी है।जिप लाइन को हटाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करवाई जा रही है। जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति देखने के बाद जिला कलक्टर ने अधिकारियों से कहा कि कार्य में कम से कम 150 श्रमिक नियोजित किए जाएं और मशीनरी की संख्या बढ़ाई जाए। इसके अलावा नैनवां रोड़ और इम्मानुएल स्कूल क्षेत्र में भी टीम और मशीनरी लगाकर शीघ्र काम शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि नाला निर्माण की प्रगति बढ़ाने के लिए अधिक टीमें और मशीनरी लगाकर दिन-रात कार्य शुरू किया जाए, ताकि कार्य शीघ्र पूरा किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान आरयूआईडीपी की अधिशासी अभियंता सोनम शर्मा ने जिला कलक्टर को बताया कि जैतसागर नाले का अब तक 26 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। नाले पर हो रहा अतिक्रमण लगभग हटा दिया गया है। इससे आने वाले दिनों में काम में और तेजी लाई जा सकेगी। मीरा गेट वाले क्षेत्र में दीवार खड़ी करने का काम पूरा कर लिया गया है। जिला कलक्टर ने नवल सागर झील पर पर्यटन विकास के लिए करवाए जा रहे म्यूजिकल फाउंटेन एवं वाटर स्क्रीन मल्टीमीडिया की स्थापना के कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने यहां दर्शक दीर्घा के लिए चिह्नित जगह को समतल कराने और कुर्सियां लगाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जिप लाइन को शिफ्ट करने की प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू की जावें। इस दौरान पर्यटन अधिकारी प्रेम शंकर सैनी ने बताया कि फव्वारे को बनाने का कार्य प्रगति पर है, इसके बाद इस फव्वारे को नवल सागर झील में स्थापित किया जाएगा।

स्पेशल ट्रेन का संचालन

कोटा, (निसं)। रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्रा भार को कम करने के उद्देश्य से मथुरा-गंगापुर सिटी-मथुरा के मध्य स्पेशल ट्रेन चलाया जा रहा है। गाड़ी संख्या 04191/04192 मथुरा-गंगापुर सिटी-मथुरा स्पेशल ट्रेन अप्रैल से जून 2025 तीन माह तक दोनों दिशाओं में कुल 91-91 ट्रिप चलेगी।

इस गाड़ी में कुल 12 कोच होंगें। गाड़ी संख्या 04191 मथुरा-गंगापुर सिटी स्पेशल मथुरा से शाम 16.15 बजे प्रस्थान कर मध्यवर्ती स्टेशनों पर